# PM SVANidhi Becomes a Pathway to Prosperity for Street Vendors in Rajasthan




Under the leadership of Chief Minister Bhajanlal Sharma, the Prime Minister Street Vendor's AtmaNirbhar Nidhi Scheme, popularly known as PM SVANidhi, is being implemented effectively in Rajasthan. The scheme is enabling street vendors, hawkers and small urban traders to avail with formal credit and making them financially self-reliant for achieving a better livelihood.

Under the scheme, more than ₹428.93 crore has been disbursed to more than 3 lakh beneficiaries in Rajasthan. In addition to credit support, beneficiaries have also enjoyed interest subsidy and cashback benefits, and the scheme is an important instrument for inclusive urban economic development.

## The key features of PM SVANidhi in Rajasthan are as follows:

- Working capital support is being provided to street vendors without any collateral under PM SVANidhi Scheme.
- Of the 362565 eligible applications in Rajasthan, 3,06,255 took the loan worth of ₹439 crore.
- Over 3 lakh beneficiaries have already been provided loans of over ₹428.93 crore.
- A total of over 1.64 lakh beneficiaries have paid their loans timely.

RASO

## Those that pay off loans timely get a 7 per cent interest subsidy.

A total of over ₹6.57 crore has been paid directly to the beneficiaries' accounts as interest subsidy so far.

Once these street vendors pay back their loan amount in a timely fashion, they are eligible to get more loans in the second phase.

The PM SVANidhi objectives and benefits are of little interest to the general public.

## Objectives

- To make credit facility available to street vendors in the form of Working Capital loan without any collateral security.
- To minimise informal moneylender and high interest lending.
- To link street vendors to the formal banking system.
- To encourage electronic commerce with small urban traders.
- To promote self-employment, self-reliance and a dignified living.

## Benefits

- The scheme provides phased working capital loans of ₹15,000, ₹25,000 and ₹50,000.
- Users are getting a handful of benefits for their digital transactions like cashback of up to ₹1,600.
- Over 2.26 lakh beneficiaries have got cashback benefits worth over ₹10 crore in Rajasthan.
- After paying back loans which are given in the second phase, the street vendors will be eligible to get a UPI linked RuPay Credit Card of Rs. 30,000.

**The scheme aims to improve financial inclusion and banking services to small traders.**

## Role in Urban Economy

Street vendors are an important part of the urban economy. They ensure availability of cheap goods and services to the masses and offer livelihood to lakhs of families. But for long they were not a part of the formal credit system and relied on moneylenders.

PM SVANidhi has been instituted to overcome this problem and extends institutional credit. In the cities such as Jaipur, over 60,000 street vendors have applied to avail the scheme whereas in Jodhpur, over 18,000 applications have been received. There has been a substantial involvement in the cities of Bikaner, Ajmer, Udaipur, Bhilwara, Alwar, Sri Ganganagar, Bharatpur, Hanumangarh and Sawai Madhopur.

## Social Security and Digital Inclusion

The “SVANidhi se Samriddhi” scheme is linking the beneficiaries and their families with different Central Government schemes by conducting socio-economic profiling. This enables

RASonly

the eligible families to receive health, education, housing, insurance and social security schemes.

The beneficiaries are also being trained in financial literacy, digital literacy, food safety and hygiene with the help of the Food Safety and Standards Authority of India. It enhances the quality of their business and can help to boost their earnings.

## Women and the Marginalised Groups

PM SVANidhi has come up as one of the significant social inclusion schemes. About 34% of the beneficiaries in Rajasthan are women. Approximately, 70% of the beneficiaries are SC, ST, OBC and other deprived class.

This shows that the scheme is not only promoting economic growth but also contributing to the empowerment of women and marginalised sections.

## The consequences of the Scheme

The impact assessment studies done independently have yielded positive results of PM SVANidhi. Some 95% of beneficiaries obtained a loan for the first time from formal financial institutions. The beneficiaries were later able to access additional loans, as almost a third of them were of good creditworthiness.

Beneficiaries' average yearly earnings have gone up by up to 20%. This has led to their better living conditions and better access to healthy food, health services and quality education.

## Conclusion

This time, PM SVANidhi has transcended the scope of a credit scheme for street vendors. It is an all-in-one financial inclusion, digital empowerment, social security and dignity of livelihood program. It is successfully being implemented in Rajasthan and is creating positive economic and social change among lakhs of families. The extension till March 2030 will make the objectives of Viksit Rajasthan and Atmanirbhar Bharat more stronger.

## MCQs

MCQ 1: With reference to PM SVANidhi Scheme in Rajasthan, consider the following statements:

1. More than 3 lakh beneficiaries have received loans under the scheme in Rajasthan.
2. Beneficiaries who repay loans on time are provided 7% annual interest subsidy.
3. The scheme is limited only to rural street vendors.

Which of the statements given above are correct?

RASonly

A. 1 and 2 only
B. 2 and 3 only
C. 1 and 3 only
D. 1, 2 and 3

Answer: A. 1 and 2 only

Explanation: In Rajasthan, more than 3 lakh beneficiaries have received loans under PM SVANidhi. The scheme also provides 7% annual interest subsidy to those who repay loans on time. However, the scheme is meant for urban street vendors, not rural street vendors only.

MCQ 2: What is the primary objective of the PM SVANidhi Scheme?

A. To provide free housing to urban poor families
B. To provide collateral-free working capital loans to street vendors
C. To provide unemployment allowance to rural youth
D. To provide free food grains to migrant workers

Answer: B. To provide collateral-free working capital loans to street vendors

Explanation: PM SVANidhi was launched to provide collateral-free working capital loans to street vendors. It helps them restart, expand and strengthen their small businesses while connecting them with the formal banking system.

MCQ 3: Which of the following benefits are associated with PM SVANidhi Scheme?

1. Interest subsidy on timely loan repayment
2. Cashback for digital transactions
3. Eligibility for higher loan amount after timely repayment
4. UPI-linked RuPay Credit Card for eligible beneficiaries

Select the correct answer using the code given below:

A. 1 and 2 only
B. 2 and 3 only
C. 1, 2 and 3 only
D. 1, 2, 3 and 4

Answer: D. 1, 2, 3 and 4

Explanation: PM SVANidhi provides several benefits to street vendors, including interest subsidy on timely repayment, cashback for digital transactions, eligibility for higher loan amounts and a UPI-linked RuPay Credit Card for eligible beneficiaries after successful repayment of second-phase loans.

RASonly

# राजस्थान में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नई उम्मीद बनी पीएम स्वनिधि योजना

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना, जिसे पीएम स्वनिधि योजना के नाम से जाना जाता है, राजस्थान में प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। यह योजना स्ट्रीट वेंडर्स, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और छोटे शहरी व्यापारियों को औपचारिक ऋण सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रही है।

राजस्थान में इस योजना के अंतर्गत 3 लाख से अधिक लाभार्थियों को 428.93 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया जा चुका है। ऋण सहायता के साथ-साथ लाभार्थियों को ब्याज सब्सिडी और कैशबैक का लाभ भी मिला है। इस दृष्टि से यह योजना समावेशी शहरी आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है।

## राजस्थान में पीएम स्वनिधि योजना की प्रमुख विशेषताएं

पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

राजस्थान में 3,62,565 पात्र आवेदनों में से 3,06,255 लाभार्थियों को 439 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है।

3 लाख से अधिक लाभार्थियों को 428.93 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया जा चुका है।

1.64 लाख से अधिक लाभार्थियों ने समय पर अपना ऋण चुका दिया है।

समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी दी जाती है।

अब तक 6.57 करोड़ रुपये से अधिक की ब्याज सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है।

समय पर ऋण चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स अगले चरण में अधिक राशि के ऋण के लिए पात्र हो जाते हैं।

पीएम स्वनिधि योजना के उद्देश्य और लाभ

उद्देश्य

स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराना।

अनौपचारिक साहूकारों और ऊंची ब्याज दरों पर निर्भरता को कम करना।

स्ट्रीट वेंडर्स को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना।

RASonly

छोटे शहरी व्यापारियों में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना।

स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन को प्रोत्साहित करना।

## लाभ

योजना के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से 15,000 रुपये, 25,000 रुपये और 50,000 रुपये तक का कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए लाभार्थियों को 1,600 रुपये तक का कैशबैक मिलता है।

राजस्थान में 2.26 लाख से अधिक लाभार्थियों को 10 करोड़ रुपये से अधिक का कैशबैक लाभ दिया जा चुका है।

दूसरे चरण का ऋण सफलतापूर्वक चुकाने के बाद स्ट्रीट वेंडर्स 30,000 रुपये तक की सीमा वाले यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए पात्र होते हैं।

यह योजना छोटे व्यापारियों के लिए वित्तीय समावेशन और बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को मजबूत करती है।

## शहरी अर्थव्यवस्था में भूमिका

स्ट्रीट वेंडर्स शहरी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे आम जनता को सस्ती वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध कराते हैं तथा लाखों परिवारों को आजीविका प्रदान करते हैं। लेकिन लंबे समय तक वे औपचारिक ऋण प्रणाली से बाहर रहे और उन्हें साहूकारों पर निर्भर रहना पड़ा।

इसी समस्या को दूर करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना शुरू की गई। यह योजना स्ट्रीट वेंडर्स को संस्थागत ऋण उपलब्ध कराती है। जयपुर शहर में 60,000 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स ने इस योजना के लिए आवेदन किया है, जबकि जोधपुर में 18,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, भीलवाड़ा, अलवर, श्रीगंगानगर, भरतपुर, हनुमानगढ़ और सवाई माधोपुर जैसे शहरों में भी योजना के प्रति उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई है।

## सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल समावेशन

"स्वनिधि से समृद्धि" पहल के माध्यम से लाभार्थियों और उनके परिवारों को सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइलिंग के आधार पर विभिन्न केंद्रीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इससे पात्र परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, बीमा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के सहयोग से लाभार्थियों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इससे उनके व्यवसाय की गुणवत्ता में सुधार होता है और आय बढ़ाने में सहायता मिलती है।

RASonly

## महिलाओं और वंचित वर्गों का सशक्तिकरण

पीएम स्वनिधि योजना सामाजिक समावेशन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर उभरी है। राजस्थान में इस योजना के लगभग 34 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। लगभग 70 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वंचित वर्गों से संबंधित हैं।

यह दर्शाता है कि यह योजना केवल आर्थिक विकास को ही बढ़ावा नहीं दे रही है, बल्कि महिलाओं और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## योजना का प्रभाव

स्वतंत्र प्रभाव मूल्यांकन अध्ययनों में पीएम स्वनिधि योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। लगभग 95 प्रतिशत लाभार्थियों ने पहली बार किसी औपचारिक वित्तीय संस्था से ऋण प्राप्त किया। लगभग 30 प्रतिशत लाभार्थियों ने बाद में अतिरिक्त ऋण भी प्राप्त किया, जो उनकी बढ़ती ऋण पात्रता और वित्तीय विश्वसनीयता को दर्शाता है।

लाभार्थियों की औसत वार्षिक आय में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है और पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक उनकी पहुंच बेहतर हुई है।

## निष्कर्ष

पीएम स्वनिधि योजना अब केवल स्ट्रीट वेंडर्स के लिए ऋण योजना तक सीमित नहीं रही है। यह वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक आजीविका का एक व्यापक कार्यक्रम बन गई है। राजस्थान में इसका सफल क्रियान्वयन लाखों परिवारों के जीवन में सकारात्मक आर्थिक और सामाजिक बदलाव ला रहा है। मार्च 2030 तक योजना की अवधि बढ़ाए जाने से विकसित राजस्थान और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को और मजबूती मिलेगी।

### MCQs

MCQ 1: राजस्थान में पीएम स्वनिधि योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राजस्थान में इस योजना के तहत 3 लाख से अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है।
2. समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी दी जाती है।
3. यह योजना केवल ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स पर लागू होती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

RASonly

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

उत्तर: A. केवल 1 और 2

व्याख्या: राजस्थान में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 3 लाख से अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी भी दी जाती है। लेकिन यह योजना केवल ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नहीं, बल्कि मुख्य रूप से शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए है।

MCQ 2: पीएम स्वनिधि योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. शहरी गरीब परिवारों को रियायती आवास उपलब्ध कराना

B. स्ट्रीट वेंडर्स को बिना गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराना

C. ग्रामीण युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना

D. प्रवासी मजदूरों को मुफ्त खाद्यान्न वितरित करना

उत्तर: B. स्ट्रीट वेंडर्स को बिना गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराना

व्याख्या: पीएम स्वनिधि योजना का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराना है। इससे वे अपने छोटे व्यवसाय को पुनः शुरू, विस्तारित और मजबूत कर सकते हैं तथा औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ सकते हैं।

MCQ 3: पीएम स्वनिधि योजना से जुड़े निम्नलिखित लाभों पर विचार कीजिए:

1. समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज सब्सिडी
2. डिजिटल लेनदेन पर कैशबैक
3. समय पर ऋण चुकाने के बाद अधिक राशि के ऋण की पात्रता
4. पात्र लाभार्थियों के लिए यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

RASonly

उत्तर: D. 1, 2, 3 और 4

व्याख्या: पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज सब्सिडी, डिजिटल लेनदेन पर कैशबैक, अगले चरण में अधिक राशि के ऋण की पात्रता और पात्र लाभार्थियों को यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

RASonly

## Prime Minister Safe Motherhood Campaign, Antenatal Care and High-Risk Pregnancy Management, Completes 10 Years




The Prime Minister Safe Motherhood Campaign (PMSMA) has been implemented for 10 years in the field of maternal and child health and is a successful campaign. The campaign started with the vision of then Prime Minister Narendra Modi to ensure quality antenatal care services for pregnant women, free of cost.

This time, special PMSMA sessions were conducted in the government health institutions of Rajasthan. During these sessions, pregnant women were provided free antenatal check-ups, medical consultation and treatment services. The campaign has been a key factor in the success of lowering mortality rates of mothers and children at birth by ensuring timely diagnosis and treatment of pregnancy-related complications.

## Key Features of PMSMA

- This is the Prime Minister Safe Motherhood Campaign which offers free antenatal health services to pregnant women.
- In Rajasthan the sessions of PMSMA are conducted on 9th, 18th and 27th of every month.
- The services offered in the campaign are up to Primary Health Centre level, according to Central Government guidelines.
- Women in pregnancy are provided with antenatal check-up, counselling, blood tests, identification of high risk pregnancies and treatment services.
- Quality healthcare services were being provided with the involvement of specialist doctors from government and private sectors.
- The campaign promotes early detection of pregnancy complications like severe anaemia, high blood pressure, diabetes and twin pregnancy.

## Achievements of PMSMA

- Over the past 10 years, PMSMA has become an essential public welfare program to support maternal and child health services.
- The campaign has reached over 7.5 crores pregnant women in both rural and urban areas of India and offered them free, accessible, and quality antenatal care.
- The Campaign has helped to lower the maternal mortality rate and infant mortality rate.

RASonly

- After 10 years of the campaign, special PMSMA sessions were held throughout the state of Rajasthan.
- 4,120 sessions of PMSMA were conducted throughout Rajasthan on Tuesday.
- During these sessions more than 60,000 pregnant women had antenatal check-ups.
- Through Maa Voucher Scheme, a total of 13,211 women of child bearing age received sonography vouchers for free.
- Ferric Carboxymaltose injection was administered free at the prescribed standard of haemoglobin levels to more than 3,800 pregnant women.

# Objectives and Benefits of PMSMA

## Objectives

- To ensure quality health care services for pregnant women at no cost.
- To identify any high risk pregnancies as early as possible.
- To decrease maternal deaths and infant deaths.
- To give the mother timely medical advise and treatment while pregnant.
- To make specialist health care services more available in both rural and urban communities.
- To promote safe motherhood by regular checkups.

## Benefits

- Free ante natal clinics are available at the government health institutions for pregnant women.
- High-risk pregnancies are identified at an early stage.
- Severe anaemia, hypertension, diabetes and twin pregnancy are monitored and managed.
- Pregnant people are counselled and treated by experienced healthcare providers.
- There is a Maa Voucher Scheme that offers free sonography support.
- The campaign enhances maternal health services at grassroot level.

# The importance of Antenatal Care.

The care provided to the mother during the pregnancy period is important to the health and safety of the mother and child. Prenatal assessments enable the detection of complications at the appropriate time. Early diagnosis and treatment can help to avoid risks at delivery.

PMSMA encourages pregnant women to register at the government health institution nearest to their homes and avail free health care services. This is useful to ensure safe delivery and healthy motherhood and better child health outcomes.

# High-Risk Pregnancy Management

- A big success of PMSMA has been the prompt detection and treatment of pregnancies that pose a risk. Special care and monitoring is required for pregnant women with severe anaemia, high blood pressure, diabetes, twin pregnancy and for those with other medical complications.
- The campaign allows for early detection of such cases and treatment. This will help prevent complications during childbirth and enhance health and wellbeing of mothers and babies.

RASonly

- The monitoring and implementation took place in Rajasthan.Monitoring and Implementation was conducted in Rajasthan.
- Monitoring of the campaign was done by the medical officers at the state level, district level and block level which ensured effective implementation of the campaign. A total of 1,369 virtual monitoring activities and 176 physical inspections were carried out in the special sessions of PMSMA.
- This monitoring mechanism helps to enhance service delivery, accountability and quality of maternal health services in Rajasthan.

## Conclusion

The Prime Minister Safe Motherhood Campaign has completed 10 years as a significant initiative in the field of maternal and child health. By providing free antenatal check-ups, specialist consultation, early identification of high-risk pregnancies and timely treatment, the campaign has strengthened safe motherhood services across the country. In Rajasthan, the organisation of 4,120 PMSMA sessions and check-ups of more than 60,000 pregnant women reflect the state's commitment to maternal and child health.

## MCQs

MCQ 1: With reference to the Prime Minister Safe Motherhood Campaign in Rajasthan, consider the following statements:

1. PMSMA sessions are organised on the 9th, 18th and 27th of every month in Rajasthan.
2. The campaign provides free antenatal check-ups and treatment services to pregnant women.
3. PMSMA is implemented only in private hospitals.

Which of the statements given above are correct?

A. 1 and 2 only
B. 2 and 3 only
C. 1 and 3 only
D. 1, 2 and 3

Answer: A. 1 and 2 only

Explanation: In Rajasthan, PMSMA sessions are organised on the 9th, 18th and 27th of every month. The campaign provides free antenatal check-ups, counselling and treatment services to pregnant women. However, it is not limited to private hospitals; it is mainly implemented through government health institutions, with support from private specialist doctors.

MCQ 2: What is the main objective of the Prime Minister Safe Motherhood Campaign?

RASonly

A. To provide free higher education to girl students
B. To provide free and quality antenatal care services to pregnant women
C. To provide employment allowance to rural women
D. To provide free housing to pregnant women

Answer: B. To provide free and quality antenatal care services to pregnant women

Explanation: The main objective of PMSMA is to provide free, quality and accessible antenatal care services to pregnant women. It focuses on regular check-ups, early identification of high-risk pregnancies and timely treatment to ensure safe motherhood.

MCQ 3: On the completion of 10 years of PMSMA, which of the following activities were carried out in Rajasthan?

1. 4,120 PMSMA sessions were organised.
2. More than 60,000 pregnant women underwent antenatal check-ups.
3. 13,211 pregnant women received free sonography coupons under the Maa Voucher Scheme.
4. More than 3,800 pregnant women with low haemoglobin levels received free Ferric Carboxymaltose injection doses.

Select the correct answer using the code given below:

A. 1 and 2 only
B. 2 and 3 only
C. 1, 2 and 3 only
D. 1, 2, 3 and 4

Answer: D. 1, 2, 3 and 4

Explanation: On the completion of 10 years of PMSMA, Rajasthan organised 4,120 PMSMA sessions. More than 60,000 pregnant women received antenatal check-ups, 13,211 women were issued free sonography coupons under the Maa Voucher Scheme and more than 3,800 women with low haemoglobin levels received free Ferric Carboxymaltose injection doses.

RASonly

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसवपूर्व देखभाल और उच्च जोखिम गर्भावस्था प्रबंधन

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जिसे PMSMA के नाम से भी जाना जाता है, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में 10 वर्षों से सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल

पर गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

इस अवसर पर राजस्थान के राजकीय स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष PMSMA सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसवपूर्व जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित कर यह अभियान मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## PMSMA की प्रमुख विशेषताएं

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है।

राजस्थान में PMSMA सत्र प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित किए जाते हैं।

केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार यह अभियान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक सेवाएं उपलब्ध कराता है।

गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व जांच, परामर्श, रक्त जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान और उपचार सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राजकीय और निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सकों का सहयोग लिया जा रहा है।

यह अभियान गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और जुड़वां गर्भावस्था जैसी जटिलताओं की समय पर पहचान में सहायता करता है।

## PMSMA की उपलब्धियां

पिछले 10 वर्षों में PMSMA मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने वाला एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कार्यक्रम बन चुका है।

इस अभियान के माध्यम से देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की 7.5 करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

इस अभियान ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान में विशेष PMSMA सत्र आयोजित किए गए।

मंगलवार को राजस्थान में कुल 4,120 PMSMA सत्र आयोजित किए गए।

इन सत्रों में 60,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच की गई।

RASonly

मा-वाउचर योजना के तहत 13,211 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी कूपन जारी किए गए।

निर्धारित स्तर से कम हीमोग्लोबिन वाली 3,800 से अधिक गर्भवती महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन की निःशुल्क डोज लगाई गई।

## PMSMA के उद्देश्य और लाभ

### उद्देश्य

गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना।

उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान करना।

मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु में कमी लाना।

गर्भावस्था के दौरान समय पर चिकित्सकीय सलाह और उपचार उपलब्ध कराना।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाना।

नियमित जांच के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना।

### लाभ

गर्भवती महिलाओं को राजकीय स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क प्रसवपूर्व जांच की सुविधा मिलती है।

उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की प्रारंभिक स्तर पर पहचान होती है।

गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और जुड़वां गर्भावस्था जैसी स्थितियों की निगरानी और प्रबंधन किया जाता है।

गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में परामर्श और उपचार मिलता है।

मा-वाउचर योजना के तहत निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा दी जाती है।

यह अभियान जमीनी स्तर पर मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करता है।

## प्रसवपूर्व देखभाल का महत्व

गर्भावस्था के दौरान मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए प्रसवपूर्व देखभाल अत्यंत आवश्यक है। नियमित जांचों से गर्भावस्था के दौरान संभावित जटिलताओं की समय पर पहचान हो जाती है। समय पर निदान और उपचार से प्रसव के दौरान होने वाले गंभीर जोखिमों को कम किया जा सकता है।

RASonly

PMSMA गर्भवती महिलाओं को अपने निकटतम राजकीय स्वास्थ्य संस्थान में पंजीकरण कराकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे सुरक्षित प्रसव, स्वस्थ मातृत्व और बेहतर शिशु स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित होते हैं।

## उच्च जोखिम गर्भावस्था प्रबंधन

PMSMA की एक बड़ी उपलब्धि उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान और उपचार है। गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, जुड़वां गर्भावस्था और अन्य चिकित्सकीय जटिलताओं वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल और निगरानी की आवश्यकता होती है।

यह अभियान ऐसी गर्भवती महिलाओं की जल्दी पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित करता है। इससे प्रसव के दौरान जटिलताओं को कम करने और मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता मिलती है।

## राजस्थान में निगरानी और क्रियान्वयन

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर, जिला स्तर और ब्लॉक स्तर के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा निगरानी की गई। विशेष PMSMA सत्रों के दौरान 1,369 वर्चुअल मॉनिटरिंग गतिविधियां और 176 भौतिक निरीक्षण किए गए।

यह निगरानी व्यवस्था सेवा वितरण को बेहतर बनाने, जवाबदेही सुनिश्चित करने और राजस्थान में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को मजबूत करने में सहायक है।

### MCQs

MCQ 1: राजस्थान में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राजस्थान में PMSMA सत्र प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित किए जाते हैं।
2. यह अभियान गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसवपूर्व जांच और उपचार सेवाएं प्रदान करता है।
3. PMSMA केवल निजी अस्पतालों में लागू किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

उत्तर: A. केवल 1 और 2

RASonly

व्याख्या: राजस्थान में PMSMA सत्र प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित किए जाते हैं। यह अभियान गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसवपूर्व जांच, परामर्श और उपचार सेवाएं प्रदान करता है। यह केवल निजी अस्पतालों में लागू नहीं है, बल्कि मुख्य रूप से राजकीय स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से संचालित किया जाता है।

MCQ 2: प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. छात्राओं को निःशुल्क उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना
B. गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना
C. ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भत्ता देना
D. गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराना

उत्तर: B. गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना

व्याख्या: प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह अभियान नियमित जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय पर पहचान और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देता है।

MCQ 3: PMSMA के 10 वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधियां आयोजित की गईं?

1. 4,120 PMSMA सत्र आयोजित किए गए।
2. 60,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच की गई।
3. मा-वाउचर योजना के तहत 13,211 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी कूपन जारी किए गए।
4. कम हीमोग्लोबिन स्तर वाली 3,800 से अधिक गर्भवती महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन की निःशुल्क डोज दी गई।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

उत्तर: D. 1, 2, 3 और 4

व्याख्या: PMSMA के 10 वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान में 4,120 PMSMA सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में 60,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, 13,211 महिलाओं को मा-वाउचर योजना

RASonly

के तहत निःशुल्क सोनोग्राफी कूपन दिए गए और कम हीमोग्लोबिन स्तर वाली 3,800 से अधिक गर्भवती महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन की निःशुल्क डोज दी गई।

RASonly

# Governor Interacts with IIIT Dharwad Students under Ek Bharat Shreshtha Bharat




Governor of Rajasthan Haribhau Bagade interacted with students of IIIT Dharwad at Lok Bhavan, Jaipur as a part of Ek Bharat Shreshtha Bharat initiative in Karnataka. The Governor during the exchange referred to the greatness of India's education, culture and civilisational heritage.

He said that ancient India had a glorious tradition of knowledge and learning, students from the various parts of the world used to come for education in India. The Governor informed that India had the most number of ancient universities in the world, 19. The interaction was centred on national integration, cultural awareness, historical consciousness and role for youth to make India a developed nation.

RASO

## Main features of the Interaction

- The students of IIIT Dharwad, Karnataka met the Governor of Rajasthan at Lok Bhavan, Jaipur.
- The interaction took place as part of Ek Bharat Shreshtha Bharat initiative.
- The Governor talked about the old tradition of education in India and the culture.
- India was traditionally robust in knowledge, culture and traditions, he added.
- He stressed that earlier the students from far away places would come to India for studies.
- The students also got to know about the geographical position, cultural heritage and its history of Rajasthan from the Governor.

## Significance of Ek Bharat Shreshtha Bharat:

- Ek Bharat Shreshtha Bharat is promoting interaction and cultural exchange between people from various states and UTs.
- It helps students to understand the diversity of India.
- It fosters national integration with cultural learning.
- It promotes children's awareness of the history, geography, language & traditions of other states.
- It reinforces the concept of unity in diversity.
- Through such interactions, students from one state get an opportunity to understand the heritage and culture of another state.

## Ancient Indian Education and Cultural Heritage

- The Governor stated that ancient India had the rich intellectual tradition and educational excellence. He spoke of the influence of India's civilisations on a vast geographical area in the past.
- He also said that there were 19 ancient universities in India and students from abroad were studying in India for higher education. It highlights the India's age-old status as a hub of knowledge, philosophy, culture and education.
- The Governor said that India has been superior in culture and traditions since ancient times and there is a need to make it great again by connecting youth with its history and heritage.

## The impact of the new Education Policy and Youth Development.

The Governor also spoke about the New Education Policy and mentioned that it aims at educating the young people about the glory of India's ancient times. The policy also sets out to equip the young people to be leaders in various fields.

He added that the history of India should also be taught to the students of technology. He stressed that the young people need to be able to make a difference in the vision of Viksit Bharat by becoming talented, aware and responsible citizens.

## The state of Rajasthan, their history and culture were referred to.

The Governor interacted with students and told them about the geography, culture and history of Rajasthan. He talked about the significance of Chittorgarh Fort, and gave us information about the Gang Canal.

He also spoke about bringing Narmada water from the Sardar Sarovar project to Rajasthan. These examples enabled students to gain insight into the historical, geographical and developmental importance of the region of Rajasthan.

RASonly

## This is a tribute to Contribution of Kali Bai.

The Governor also told the students about the gallant woman named Kali Bai of the tribal area of Rajasthan. Kali Bai had a significant contribution in freedom movement, he added.

Her story is a tribute to the tribal community and the women who contributed to India's freedom movement. The examples such as this are significant for RAS preparation as they relate the history of the region of Rajasthan to the broader history of the Indian Independence Struggle.

## RAS Exam Relevance

This is an important topic in the context of education, culture, national integration and history of Rajasthan and it is also relevant to RAS. The concepts of Ek Bharat Shreshtha Bharat have significance in the context of governance and social harmony. Ancient Indian education is pertinent in history and culture. The mention of 'Kali Bai' is significant for the freedom struggle of Rajasthan and tribals contribution. The topic of New Education Policy can be applicable to education policy and youth development.

## Conclusion

The Governor's meeting with students of IIIT Dharwad underscored the importance of India's ancient educational history and cultural strength and national unity. The programme helped in creating awareness and exchange of ideas among youth and helped in linking the students to the history, Geography and freedom movement of Rajasthan. These programmes align with the vision of Viksit Bharat, fostering awareness and involvement among young citizens in celebrating the rich tapestry of India's culture and advancing the country's progress.

## MCQs

MCQ 1: Under which initiative did the Governor of Rajasthan interact with the students of IIIT Dharwad, Karnataka?

A. Digital India Mission
B. Ek Bharat Shreshtha Bharat
C. PM SHRI Schools Scheme
D. Skill India Mission

Answer: B. Ek Bharat Shreshtha Bharat

Explanation: The Governor of Rajasthan interacted with students of IIIT Dharwad, Karnataka, at Lok Bhavan in Jaipur under the Ek Bharat Shreshtha Bharat initiative. The programme aims

RASonly

to promote cultural exchange, national integration and understanding among people from different states.

MCQ 2: According to the Governor, what was a major feature of ancient India's education system?

A. India had no formal centres of learning.
B. Students from across the world came to India for education.
C. Education was limited only to military training.
D. Ancient India depended completely on foreign universities.

Answer: B. Students from across the world came to India for education.

Explanation: The Governor stated that ancient India had a strong intellectual and educational tradition. He said that India had 19 ancient universities and students from distant countries came to India for education, showing India's importance as a centre of knowledge.

MCQ 3: Which Rajasthan personality was mentioned by the Governor while discussing the freedom struggle with students?

A. Panna Dhai
B. Kali Bai
C. Meera Bai
D. Rani Karnavati

Answer: B. Kali Bai

Explanation: The Governor informed the students about Kali Bai, a brave woman from the tribal region of Rajasthan. He highlighted her important role in the freedom struggle, making her contribution significant from the perspective of Rajasthan history and RAS preparation.

RASonly

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत राज्यपाल ने IIIT धारवाड़ के विद्यार्थियों से संवाद किया

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत जयपुर स्थित लोक भवन में IIIT धारवाड़, कर्नाटक के विद्यार्थियों से संवाद किया। इस संवाद के दौरान राज्यपाल ने भारत की प्राचीन शिक्षा, संस्कृति और सभ्यतागत विरासत की महानता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में ज्ञान और शिक्षा की गौरवशाली परंपरा रही है तथा विश्व के विभिन्न भागों से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के लिए भारत आते थे। राज्यपाल के अनुसार, विश्व में सर्वाधिक

प्राचीन विश्वविद्यालय भारत में थे, जिनकी संख्या 19 थी। यह संवाद राष्ट्रीय एकीकरण, सांस्कृतिक जागरूकता, ऐतिहासिक चेतना और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर केंद्रित रहा।

## संवाद की प्रमुख विशेषताएं

IIIT धारवाड़, कर्नाटक के विद्यार्थियों ने जयपुर स्थित लोक भवन में राजस्थान के राज्यपाल से मुलाकात की।

यह संवाद एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया।

राज्यपाल ने भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा और सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि भारत ज्ञान, संस्कृति और परंपराओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक रूप से अत्यंत समृद्ध रहा है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्राचीन काल में दूर-दराज के देशों से विद्यार्थी भारत में शिक्षा प्राप्त करने आते थे।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को राजस्थान की भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक विरासत और इतिहास के बारे में भी जानकारी दी।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत का महत्व

एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों के बीच संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है।

यह विद्यार्थियों को भारत की विविधता को समझने में सहायता करती है।

यह सांस्कृतिक सीख के माध्यम से राष्ट्रीय एकीकरण को मजबूत करती है।

यह विद्यार्थियों को अन्य राज्यों के इतिहास, भूगोल, भाषा और परंपराओं के बारे में जानने के लिए प्रेरित करती है।

यह विविधता में एकता की भावना को सशक्त बनाती है।

ऐसे संवादों के माध्यम से एक राज्य के विद्यार्थियों को दूसरे राज्य की विरासत और संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है।

## प्राचीन भारतीय शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत

राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन भारत में समृद्ध बौद्धिक परंपरा और उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था थी। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में भारत की सभ्यतागत छाप एक विशाल भौगोलिक क्षेत्र तक फैली हुई थी।

RASonly

उन्होंने यह भी कहा कि भारत में 19 प्राचीन विश्वविद्यालय थे और विदेशों से विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भारत आते थे। यह भारत की ज्ञान, दर्शन, संस्कृति और शिक्षा के केंद्र के रूप में प्राचीन प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही संस्कृति और परंपराओं में श्रेष्ठ रहा है तथा युवाओं को अपने इतिहास और विरासत से जोड़कर इसे फिर से महान बनाने की आवश्यकता है।

## नई शिक्षा नीति और युवा विकास

राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति पर भी चर्चा की और कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं को भारत के प्राचीन गौरव से परिचित कराना है। यह नीति युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने योग्य बनाने पर भी बल देती है।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों को भी भारत का इतिहास जानना चाहिए। उनके अनुसार, युवाओं को प्रतिभाशाली, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनकर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में योगदान देना चाहिए।

## राजस्थान के इतिहास और संस्कृति का उल्लेख

राज्यपाल ने संवाद के दौरान विद्यार्थियों को राजस्थान के भूगोल, संस्कृति और इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने चित्तौड़गढ़ दुर्ग के ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा की और गंग नहर के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने सरदार सरोवर परियोजना से नर्मदा जल को राजस्थान में लाए जाने का भी उल्लेख किया। इन उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को राजस्थान के ऐतिहासिक, भौगोलिक और विकासात्मक महत्व को समझने में सहायता मिली।

## कालीबाई के योगदान को नमन

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को राजस्थान के आदिवासी क्षेत्र की वीरांगना कालीबाई के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि कालीबाई ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

उनकी कहानी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी समुदायों और महिलाओं के योगदान को दर्शाती है। ऐसे उदाहरण RAS परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये राजस्थान के क्षेत्रीय इतिहास को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के व्यापक इतिहास से जोड़ते हैं।

## RAS परीक्षा की दृष्टि से महत्व

यह विषय शिक्षा, संस्कृति, राष्ट्रीय एकीकरण और राजस्थान के इतिहास से जुड़ा होने के कारण RAS परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा शासन और सामाजिक सद्भाव के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। प्राचीन भारतीय शिक्षा इतिहास और संस्कृति से संबंधित है। कालीबाई का उल्लेख

RASonly

राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम और आदिवासी योगदान की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति का विषय शिक्षा नीति और युवा विकास से संबंधित है।

## निष्कर्ष

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत IIIT धारवाड़ के विद्यार्थियों से राज्यपाल का संवाद भारत की प्राचीन शैक्षिक परंपरा, सांस्कृतिक शक्ति और राष्ट्रीय एकता के महत्व को रेखांकित करता है। इस कार्यक्रम ने युवाओं में जागरूकता और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया तथा विद्यार्थियों को राजस्थान के इतिहास, भूगोल और स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने में सहायता की। ऐसे कार्यक्रम विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप हैं, क्योंकि ये युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को समझने और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं।

## MCQs

MCQ 1: राजस्थान के राज्यपाल ने IIIT धारवाड़, कर्नाटक के विद्यार्थियों से किस पहल के अंतर्गत संवाद किया?

A. डिजिटल इंडिया मिशन
B. एक भारत श्रेष्ठ भारत
C. पीएम श्री स्कूल योजना
D. स्किल इंडिया मिशन

उत्तर: B. एक भारत श्रेष्ठ भारत

व्याख्या: राजस्थान के राज्यपाल ने जयपुर स्थित लोक भवन में IIIT धारवाड़, कर्नाटक के विद्यार्थियों से एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत संवाद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकीकरण और परस्पर समझ को बढ़ावा देना है।

MCQ 2: राज्यपाल के अनुसार प्राचीन भारत की शिक्षा प्रणाली की एक प्रमुख विशेषता क्या थी?

A. भारत में कोई औपचारिक शिक्षा केंद्र नहीं थे।
B. विश्व के विभिन्न भागों से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने भारत आते थे।
C. शिक्षा केवल सैन्य प्रशिक्षण तक सीमित थी।
D. प्राचीन भारत पूरी तरह विदेशी विश्वविद्यालयों पर निर्भर था।

उत्तर: B. विश्व के विभिन्न भागों से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने भारत आते थे।

व्याख्या: राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन भारत में समृद्ध बौद्धिक और शैक्षिक परंपरा थी। उन्होंने बताया कि भारत में 19 प्राचीन विश्वविद्यालय थे और दूर-दराज के देशों से विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए भारत आते थे। इससे भारत के ज्ञान केंद्र के रूप में महत्व का पता चलता है।

RASonly

MCQ 3: राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान राजस्थान की किस स्वतंत्रता सेनानी व्यक्तित्व का उल्लेख किया?

A. पन्ना धाय

B. कालीबाई

C. मीराबाई

D. रानी कर्णावती

उत्तर: B. कालीबाई

व्याख्या: राज्यपाल ने विद्यार्थियों को राजस्थान के आदिवासी क्षेत्र की वीरांगना कालीबाई के बारे में बताया। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में कालीबाई के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया, जो राजस्थान के इतिहास और RAS परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

RASonly